पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-17 मंगलवार, दिनांक-12 मार्च, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.40 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्प सूचित प्रश्न अगली तिथि के लिए स्थगित ।

(iii) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 142 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री जनक सिंह

(ii) श्री रामानंद राम

(iii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(iv) श्री विनय बिहारी

(v) श्री विनोद प्रसाद यादव

(vi) श्री कुमार शैलेन्द्र

(vii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(viii) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(ix) श्री राजेश्वर राज

(x) श्री गोपालजी ठाकुर

(xi) श्री राजकुमार राय

(xii) श्री अशोक कुमार सिंह

(xiii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(xiv) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह

(xv) श्री अमन कुमार

[3] ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) मा० सदस्य श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन एवं अन्य सभासदों के निवंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से संबंधित दिनांक 05.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री अब्दुल गफूर का आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) मा० सदस्या डॉ० (श्रीमती) उषा विद्यार्थी एवं अन्य सभासदों का समाज कल्याण / गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्या द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री गृह (आरक्षी) विभाग द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[4] <u>सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना</u> :-

मा० सभापति लोक लेखा समिति श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 489, 493, 494, 495, 496 एवं 497वाँ प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[5] <u>सरकार का वक्तव्य</u> :-

मा० मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा मा० सदस्य श्री रामधनी सिंह के पैतृक आवास पर हुए हमले के संबंध में वक्तव्य दिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:-

मा० प्रभारी मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्री नीतीश मिश्रा द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की ग्रामीण विकास नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री श्याम बिहारी राम

(मा० अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी ने आसन ग्रहण किया)

(ii) डॉ० अब्दुल गफूर

(iii) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(iv) श्री मो० अफाक आलम

(v) श्रीमती मनोरमा प्रसाद

(vi) श्री अवधेश कुमार राय

(vii) डॉ० अच्युतानन्द

(viii) श्री रत्नेश सादा

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ix) श्री पवन कुमार जायसवाल

(x) श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह

(xi) श्री जनक सिंह

सरकार की ओर से मा० प्रभारी मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्री नीतीश मिश्रा द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया । कॉंग्रेस को छोड़कर विपक्ष के मा० सदस्यगण उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरांत सदन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 16 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सदन की बैठक बुधवार, दिनांक 13 मार्च, 2013 के 11.00 बजे पूर्वाह्न् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-12.03.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।